खण्ड - 12 संख्या - 5

# एकादश

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 ई०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा

का

कार्य-वितरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में
वृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई 1998 को पूर्वाह्न 11:00 बजे
अध्यक्ष, श्री देवनारायण यादव के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम रजौर में एक भी जनविरण प्रणाली की दुकान नहीं चल रही है तथा वहां के जनता के लिए राशन दूकान ग्राम काजीवीधा से लाना पड़ता है, जिसकी दूरी 5 किलो मीटर है;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्राम रजौर में जनविरण की दुकान नहीं रहने के कारण उक्त गॉव के ग्रामीणों को राशन लाने में कठिनाई होती है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम रजौर में जनवितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

**४०५. श्री लक्ष्मण स्वर्णकार** - क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि गिरीडीह जिला में 1800 चापाकल गत तीन वर्षो में बोरिंग हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्षो से 800 चापाकल को हेड पाईप नहीं लगा है;

(3) क्या यह बात सही है कि तीनं वर्षो से चापाकल का हेड नहीं लगने से खराब हो गया है जिसके कारण सरकार को 360 करोड़ का नुकसान हुआ है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पदाधिकारीयों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं,तो क्यों ?

## पशु चिकित्सालय की स्थापना

**४०६. श्री राम लषण राम "रमण"** - क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्यपालन

विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खजौली प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय की स्थापना करना चाहती है ?

## विभागीय कार्यवाही का संचालन

**४०७. श्री राम विनोद पासवान** – क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन राज्य मंत्री, कृषि विभाग ने दिनांक 4 सितम्बर 1986 को तत्कालीन संयुक्त कृषि निदेशक, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर द्वारा अनियमित नियुक्ति करने के आरोप में उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन निर्देशक प्रशासन(श्री एस॰ एन॰ गुप्ता) ने भी दिनांक 31 मई 1988 को उक्त पदाधिकारी को निलंबित करने का प्रस्ताव दिया था;

(3) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन मुख्य मंत्री, श्री भागवत झा आजाद, उक्त संयुक्त कृषि निदेशक के विरूद्व विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिनांक 16 अक्तूबर 1988 को दिया था;

(4) यदि उपर्यूक्त उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतायेगी कि मुख्यमंत्री के आदेश के आलोक में कब और किस पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही का संचालन किया गया उसका फलाफल क्या निकला ?

## तालाब की बन्दोबस्ती